भारत सरकार
कारपोरेट कार्य मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या - 3187**

(जिसका उत्तर शुक्रवार, 7 अगस्त, 2015 को दिया गया)

**<u>फास्ट ट्रेक निकास विधि</u>**

**3187. श्री अधीर रंजन चौधरी :**
**श्री गजानन कीर्तिकर :**
**कुँवर हरिवंश सिंह :**
**डा. सुनील बलीराम गायकबाड़ :**
**श्री अशोक शंकरराव चव्हाण :**
**श्री सुधीर गुप्ता :**

क्या **कारपोरेट कार्य मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या विगत तीन वर्षों के प्रत्येक और चालू वर्ष के दौरान देश में निष्क्रिय कंपियों की संख्या में वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं और अपनी संपत्ति समाप्त कर चुकी उक्त कंपनियों के निवेशकों की संख्या कितनी है;
(ख) उक्त अवधि के दौरान कंपनी और राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार अपने तुलन-पत्रों, वार्षिक विवरणों और अन्य सांविधिक प्रकटनों को न भरने वाली ऐसी कंपनियों की संख्या कितनी है;
(ग) उक्त अवधि के दौरान राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार कंपनी पंजीयक से अपने नाम हटाने हेतु उक्त में से कितनी कंपनियों ने फास्ट ट्रेक निकास विधि का प्रयोग किया है; और
(घ) कंपनी पंजीयक से ऐसी कंपनियों के नाम हटाने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं और ऐसी कंपनियों के निवेशकों के हितों को संरक्षित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**कारपोरेट कार्य मंत्री (श्री अरुण जेटली)**

**(क) से (घ):** क्षेत्रीय कार्यालयों से सूचना एकत्र की जा रही है/सत्यापित की जा रही है और सदन पटल पर रख दी जाएगी।

*****